COVID-19 संक्रमण मुक्त लोगों की संख्या में वृद्धि

प्रलिम्सि के लयि

कोरोना वायरस, वशि्व स्वास्थ्य संगठन, कोवशिील्ड

मेन्स के लयि

महामारी से नपिटने के लयि भारत की तैयारी

चर्चा में क्यों?

कोरोना वायरस महामारी से मुकाबले में भारत ने एक और ऐतहिासकि उपलब्धि प्राप्त की है और देश में संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या 60 लाख के पार पहुँच गई है।

प्रमुख बदिु

- देश भर में वसि्तृत स्वास्थ्य सुवधिाओं, राज्यों/केंद्र शासति प्रदेशों द्वारा केंद्र के मानक उपचार प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन के साथ-साथ चकित्सिकों, सहायक-चकित्सिा कर्मयिों और 'फ्रंटलाइन' पर कार्य कर रहे अग्रणी स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के संपूर्ण समर्पण तथा उनकी प्रतबिद्धता के कारण प्रतदिनि होने वाली मौतों की संख्या में लगातार कमी आ रही है और संक्रमण से मुक्त लोगों की संख्या नरिंतर बढ़ रही है।
- ध्यातव्य है कि बीते आठ दनिों में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण होने वाली मौतों की संख्या 1000 से भी कम रही है। वहीं देश में बीते 24 घंटे में मौत के मात्र 918 मामले दर्ज कयि गए हैं।



//

भारत में महामारी की मौजूदा स्थति

- सरकार के आधकिारकि आँकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना वायरस से संक्रमति कुल लोगों की संख्या तकरीबन 8,67,496 है।
- वर्तमान में देश में राष्ट्रीय संक्रमण मुक्ति दर बढ़कर 86.17 प्रतशित हो गई है।
    - संक्रमण मुक्त लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों के मामले में भारत वशि्व में अग्रणी स्थान पर पहुँच गया है।
- देश भर में तकरीबन 10 राज्यों- महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तमलिनाडु, उत्तर प्रदेश, ओडशिा, पश्चमि बंगाल, दलि्ली और

छत्तीसगढ़ में 80 प्रतिशत लोग संक्रमण से मुक्त हुए हैं।

महामारी के विरुद्ध भारत की तैयारी

- कोरोना वायरस के लिये एक निश्चित उपचार की अनुपस्थिति के चलते विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा रोकथाम और निवारक उपायों की वकालत की जा रही है।
- इन्हीं उपायों के हिस्से के तौर पर भारत में मार्च माह में देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की गई थी और इस रोकथाम और निवारक उपाय ने शुरुआती दौर में भारत में महामारी के प्रकोप को रोकने में काफी सहायता की थी।
- देशव्यापी लॉकडाउन की अवधि के दौरान सरकार ने व्यापक स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे में सुधार किया और वेंटिलेटर, मास्क तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) क्षमता बढ़ाने पर ज़ोर दिया।
- वर्तमान में हम व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) किट आयात करने के चरण से निर्यात करने के चरण में पहुँच चुके हैं। इसी प्रकार संक्रमित लोगों की पहचान करने के लिये अब भारत में प्रतिदिन 11 लाख से अधिक परीक्षण किये जा रहे है।
    - कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिये परीक्षण को एक महत्त्वपूर्ण उपाय के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि एक बार संक्रमित व्यक्ति की पहचान के बाद उसे आसानी से आइसोलेट किया जा सकता है।
- वर्तमान में भारत में कुल तीन COVID -19 टीकों का नैदानिक परीक्षण किया जा रहा है, जो कि अलग-अलग चरणों में हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कोविशील्ड (Covishield) वैक्सीन भारत में अपने तीसरे एवं अंतिम चरण में है और भारत में इसका निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है।

आगे की राह

- भारत में कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जो कि स्पष्ट तौर पर एक अच्छा संकेत है।
- हालाँकि संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। इसका मुख्य कारण अभी भी लोगों के बीच वायरस की गंभीरता को लेकर जागरूकता का अभाव है।
    - कई स्थानों पर सामान्य रोकथाम और निवारक नियमों जैसे- सोशल डिस्टेंसिंग और सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का उपयोग आदि का पालन नहीं किया जा रहा है।
- आवश्यक है कि लोगों के बीच सामान्य रोकथाम और निवारक उपायों के संबंध में जागरूकता पैदा की जाए और उन्हें नियमों का पालन करने के लिये प्रोत्साहित किया जाए।
- कई जानकार महामारी के संबंध में आवश्यक डेटा की कमी को भी एक बड़ी समस्या के रूप में देख रहे हैं। उदाहरण के लिये मई माह के अंत तक भारत में आधिकारिक तौर पर कुल 1.9 लाख मामले दर्ज किये गए थे, किंतु बाद में किये गए सीरो सर्वेक्षण में सामने आया था कि इस अवधि के दौरान वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या अपेक्षाकृत काफी अधिक थी।

स्रोत: पी.आई. बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-total-recoveries-cross-the-landmark-milestone-of-60-lakh